

### एक नजर में

## किसानों को कृषि की तकनीकी सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. किरार, वैज्ञानिक - डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एस.के. जाटव एवं जयपाल छिगारहा द्वारा किसानों को इस समय उपयोगी सलाह देते हुये बताया गया कि इस समय लगातार बारिश हो रही है।**

अत्यधिक बारिश से मिट्टी में जलभराव हो सकता है, जिससे बाग-बगीचों के पौधों की जड़ें सड़ सकती हैं और सब्जियों की फसलें खराब हो सकती हैं, फफूंद लग सकती है और कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है। बारिस से मिट्टी का कटाव भी हो सकता है, जिससे पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। फसलों में मिट्टी परीक्षण उपरान्त अनुसंशित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। दलहनी और तिलहनी फसलों में फास्फोरस की पूर्ति के लिए डीएपी की जगह सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग करना चाहिए जिससे फसलों को फास्फोरस के साथ सल्फर और कैल्शियम भी प्राप्त हो जाता है। सबसे पहले जल निकासी की व्यवस्था करें ताकि खेत में पानी जमा न हो।

# वैध कॉलोनी बनाने कॉलोनाईजरों की कार्यशाला

**कलेक्टर ने कार्यशाला में बताए नियम-कानून**

**बोले टीकमगढ़ के भविष्य को देखकर बनाएं कालोनियां**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अवैध कॉलोनियों की समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में शहर के कई कॉलोनाइजर मौजूद थे। शनिवार आयोजित इस कार्यशाला में शहर के सभी कालोनाईजर शामिल हुए। दरअसल बीते दनों कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उप पंजीयक टीकमगढ़, जतारा, बल्देवगढ़ एवं तसहीलदार टीकमगढ़, पलेरा, बल्देवगढ़ को पत्र भेजकर तत्काल प्रभाव से इन सभी 58 कालोनियों पर कार्यवाही करते हुए नामांतरण, रजिस्ट्री एवं भवन निर्माणों पर रोक लगाने के लिए अवगत कराया है। इस कार्यवाही से तमाम भू-माफियाओं में अब हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। इसी को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कलेक्टर ने बताया कि जिले में 400 से अधिक अवैध कॉलोनियां हैं। भविष्य में अवैध कॉलोनियों के निर्माण को रोकने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में वैध कॉलोनी विकसित करने के लिए शासन की गाइडलाइन की जानकारी दी गई। नए नियमों के अनुसार कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण संचालनालय स्तर पर ऑनलाइन होगा।रजिस्ट्रीकरण के लिए 50 हजार रुपए शुल्क और नियम 5 का शपथ पत्र आवश्यक है। यह प्रमाण पत्र राज्य के सभी नगरीय निकायों में मान्य होगा और पांच वर्ष तक वैध रहेगा। इसके नवीनीकरण के लिए 25 हजार रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। कॉलोनी विकास के लिए कई अनिवार्य चरण हैं। सक्षम प्राधिकारी से कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण कराना होगा। नगर और ग्राम निवेश से भूमि विकास की अनुज्ञा और कॉलोनी के अभिन्यास का अनुमोदन लेना आवश्यक है। विकास कार्य केवल अनुमति मिलने के बाद ही शुरू किया जा सकता है।कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि रजिस्ट्रेशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि नियमानुसार वैध कॉलोनी बनाने वालों को कोई परेशानी न हो।

भूखंड या भवन की बिक्री से पहले रेरा में कॉलोनी का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। अवैध कॉलोनियों की समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में शहर के कई कॉलोनाइजर मौजूद थे। कलेक्टर के साथ एसडीएम एवं सीएमओं मौजूद रहे।

### रजिस्ट्रीकरण के लिए नियम 5 का शपथ पत्र अनिवार्य

शनिवार को कार्यशाला में शहर के कई कॉलोनाइजर के साथ कलेक्टर के साथ एसडीएम एवं सीएमओं मौजूद रहे।उन्होनें बताया कि नए नियमों के अनुसार कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण संचालनालय स्तर पर ऑनलाइन होगा।रजिस्ट्रीकरण के लिए 50हजार रुपए शुल्क और नियम 5 का शपथ पत्र आवश्यक है। यह प्रमाण पत्र राज्य के सभी नगरीय निकायों में मान्य होगा और पांच वर्ष तक वैध रहेगा। इसके नवीनीकरण के लिए 25 हजार रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है।

## मारपीट की घटना में महिला चोटिल



**नवभारत न्यूज खरगापुर। थाना खरगापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मनपसार में एक महिला के साथ मार पीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने पहले इस घटनाक्रम की शिकायत खरगापुर थाना पुलिस में दर्ज कराई जब पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की तो उसने पुलिस अधीक्षक कार्योलय में आवेदन देकर न्याय दिलाए जाने की मांग की है।**

शिकायती आवेदन में मनपसार गांव में निवासरत महिला रामावाई लोधी ने बताया कि ग्राम के ही नंदलाल लोधी, हरिशंकर लोधी, कन्हई लोधी,रामदेवी, शांतिबाई लोधी ,बहादुर लोधी ने अपने रिश्तेदार हरिनायन लोधी निवासी मलगुंवा द्वारका लोधी, निवासी पलयनखेरा खरों एवं जयराम लोधी के साथ मिलकर पीड़िता के मकान के खपरा तोड देने के बाद दरबाजे के सामने ईटे रख कर उसका दरवाजा बंद कर दिया। महिला के मना करने पर सभी ने एक राय होकर के पहले उसकी पुत्री और उसके साथ की मारपीट की गई। पीड़िता का पति नेत्रहीन है उसे कुछ दिखाई नहीं देता है वही अकेली महिला और छोटे- छोटे बच्चों के साथ रहती है। महिला ने पुलिस से इस मामले में उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# रोजाना हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मानसून की बारिश जिले भर में जारी है। जिले में 1 जून से अभी तक 485.4 मिलीमीटर यानी 19.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की तुलना में 11 इंच अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में 8.1 इंच औसत बारिश हुई थी। रोजाना हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।**

पिछले 24 घंटों में जिले में 34 मिलीमीटर औसत बारिश रिकॉर्ड की गई। इसमें सबसे अधिक पलेरा तहसील में 92 मिलीमीटर और बल्देवगढ़ तहसील में 50 मिलीमीटर वर्षा हुई।अन्य क्षेत्रों में बड़ागांव धसान में 43, खरगापुर में 36, टीकमगढ़ में 28, मोहनगढ़ में 13, लिधौरा में 7 और जतारा में 3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।जिले का कुल औसत वार्षिक बारिश लक्ष्य 1000 मिलीमीटर 40 इंच है। अब तक विभिन्न तहसीलों में हुई कुल बारिश में टीकमगढ़ में 733, पलेरा में 693, मोहनगढ़ में 573, खरगापुर में 453, बल्देवगढ़ में 386, लिधौरा में 376, जतारा में 346 और बड़ागांव धसान में 323 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। लगातार बारिश से खरीफ फसलों की बोवनी प्रभावित हुई है।

## आज मोहर्रम पर्व पर निकलेंगे ताजिया

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इमाम हुसैन की याद में मुहर्रम का पर्व जिले में सुन्नी मुस्लिमों द्वारा आज मनाया जाएगा। मुहर्रम के मौके पर जिले भर में ताजिए निकाले जाएगे। मुस्लिम मान्यता के अनुसार मुहर्रम की 9 और 10 तारीख को ताजिए निकाले गए।**

मुहर्रम पर्व शुरू होने से पहले ताजियादारों द्वारा ताजिए बनाना शुरू किया जाते है। महीनों ताजिए बनाकर नक्काशीदार ताजिए तैयार होते है। इसके बाद शनिवार को इन ताजियों को चांद की 9 तारीख को रात्रि में शहर में घुमाकर मुक्काम दिया गया है। इसके बाद अगले दिन यानि आज रविवार 10 तारीख को सभी ताजियादार ताजिए लेकर फातिहा पढ़कर शहर के मानस मंच पहुंचते हैं।

वहां ताजिए को देखने लोग पहुंचेगे और ताजियों की जियारत करने के बाद देर रात 9 बजे के लगभग ताजिए वहां से निकलना शुरू होते हैं। ताजिए वहां से एकत्रित होकर कर्बला के लिए रवाना होते हुए स्टेट बैंक चौराहा, सुभाष बुक डिपो, शक्ति टाकीज, पुराना डाक खाना होते हुए सरांय मुहल्ला पहुंचते हैं, जहां ताजियादार ताजिए को वहां जियारत के लिए रोकते हैं। कुछ समय बाद ताजिए लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग कर्बला पहुंचेगें जहां ताजियों को ठंडा किया गया। मुहर्रम पर्व को लेकर बीते रोज पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा शांति व्यवस्था को लेकर बैठक ली थी।

# शिक्षकों के प्रशिक्षण पर दिया विशेष जोर



**वभारत न्यूज, पलेरा। नगर के बीआरसीसी भवन में विकासखंड के सभी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को सीखने की पद्धति, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और 21वीं सदी के कौशलों से विद्यार्थियों को सशक्त करना है। इस व्यवस्था से विद्यार्थी जिज्ञासु सहभागी और विज्ञान के प्रति जागरूक हो सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रहा है।**

इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिये विज्ञान शिक्षको की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के द्वारा दिए दिशा निर्देशों के अनुसार विज्ञान विषय में हुए परिवर्तनों के कारण विषय की अवधारणा को स्थानीय परिवेश एवं आसपास के वातावरण के माध्यम से बच्चों तक पाठ योजना के सहयोग से कैसे पहुंचा जाए। मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र कुमार पाठक एवं अभिषेक गंगेले ने बताया कि विज्ञान एक अत्यंत रोचक विषय हैए इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने विद्यार्थियों के लिए कैसी जगह बनाते हैं।

## खनन कार्य 30 सितम्बर तक प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जिले की सीमा में स्थित समस्त रेत खदानों, रेत धारित नदी-नाले घाटों में खनन कार्य 30 जून से 30 सितम्बर तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।**

जारी आदेशानुसार जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि 30 जून मध्य रात्रि से 30 सितम्बर मध्य रात्रि तक टीकमगढ़ जिले की सीमा में स्थित समस्त रेत खदानों, रेत धारित नदी-नाले घाटों में खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

उक्त अवधि के पूर्व यदि जिले में मानसून सक्रिय होता है तो उल्लेखित अवधि के पूर्व यह आदेश प्रभावशील व मान्य होगा। जिले में स्वीकृत समस्त रेत खदानों के सर्व संचालक आदेश का पालन करना सुनिश्चित करें।

## करोड़ों का चूना लगाकर सोसायटी के लोग हुए रफूचक्कर

**नवभारत न्यूज जतारा। सरकार भले ही आम लोगों को ठगी से बचाने के लिए तमाम प्रयास कर ले, लेकिन टीकमगढ़ जिले में ठग खूब हावी हैं। जतारा क्षेत्र से एक ऐसा ही मामला सामने आया है हैं, एक सोसायटी ने करोड़ों रुपए एकत्रित किए और फिर कर्मचारी एवं मैनेरजर रफूचक्कर हो गया। अब इस मामले की शिकायत थाना पुलिस से लिखित रूप में पीड़ितों ने दर्ज करवाई है।**



पीड़ितों ने जो शिकायत थाना प्रभारी रविभूषण पाठक के समक्ष दी है। उसमें उल्लेख किया गया है कि जतारा में ऊपर की सड़क पर विगत चार-पांच वर्षों से चिटफंड कंपनी एलजेसीसी के नाम से कार्यरत थी, जिसके प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार दुबे निवासी सगरवारा, अनुराग खरे, धर्मेन्द्र पाठक महोबकंठ थाना महोबा उत्तरप्रदेश, देवेन्द्र सेन निवासी खरगापुरा, नरेन्द्र कुमार जैन निवासी मंजना, महेन्द्र दुबे सगरवारा, संजू खरे जतारा ने नगर के लोगों को अपने जाल में फंसाकर करोड़ों रुपए जमा कराए हैं। अब यह सभी लोग जतारा नगर से भाग चुके हैं। बताया गया कि 25 करोड़ रुपए लोगों से उक्त लोगों द्वारा बसूला गया है, जिसमें पीड़ितों ने पुलिस से कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। शिकायत करने वालों में राहुल चौरसिया, अकील अहमद, अतुल, रोहित सिंह परमार, प्रेम रैकवार, विशाल रजक, जीवनलाल, राजेश जैन, मयंक जैन, मिथुन रजक, रचित जैन, राजू रैकवार एवं देवेन्द्र घोष के नाम शामिल हैं। सभी ने कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# घर-घर कंपनी द्वारा नहीं पहुंचाया जा रहा गैस सिलेंडर

**होम डिलेवरी के नाम पर लोगों को परेशानी**

**उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी की कराई शिकायत दर्ज**

**नवभारत न्यूज हरपालपुर। अग्रोहा इंडेन गैस एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडरों की होम डिलेवरी नहीं की जा रही है. उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी संचालक, कर्मचारी होम डिलीवरी के नाम पर परेशान कर रहे हैं. गैस बुकिंग करने के बाद सिलेंडर नहीं पहुंचाया जाता, जब उपभोक्ता गैस एजेंसी संचालक से डिलीवरी न मिलने की शिकायत की जाती है तो कहा जाता है कि दोबारा नंबर लगाकर बुकिंग कर लीजिए तो कभी कहा जाता है अभी डिलीवरी भिजवाता हूं, कहकर टरका दिया जाता है.**



सिलेंडर डिलीवरी न मिलने पर अगले दिन फिर सारे काम धंधे छोड़कर उपभोक्ता गैस लेने वितरण केंद्र पहुंचते हैं, जहां उनसे पहले रसीद कटवाकर लाने को कहा जाता हैं, वितरण केंद्र का पता पूछते हुए सिलेंडर कहां वितरण हो रहा है. डिलीवरी ब्वॉय कब आयेगा, इस इंतजार के बीच नंबर आते- आते स्टॉक खत्म हो जाता है तो अगले दिन आने के लिए कहा जाता है।

उपभोक्ताओं के रसीद कटवाने के चक्कर में कई बार सिलेंडर चोरी हो चुके हैं. उपभोक्ताओं की शिकायत है कि उन्हें गैस लेने सिलेंडर गोदाम तक भागना पड़ता है. होम डिलीवरी के नाम पर 880 रुपए लेने के बाद शेष छुट्टा पैसे वापस नहीं किए जाते. सिलेंडर में गैस कम निकलने की शिकायत करने पर कर्मचारी भाग निकलते हैं.

स्थानीय उपभोक्ताओं ने सम्बंधित विभाग से गैस वितरण करते समय तौल कांटा साथ में रखने की मांग की है, ताकि उपभोक्ता मौके पर गैस सिलेंडर को तुलवा सकें. नगर के जागरूक नागरिकों का कहना हैं संबंधित अधिकारियों के लम्बे समय से गोदाम व स्टाक चेक न करने, न ही सिलेंडर का वेट और न ही सिलेंडर की एक्पायरी डेट चेक करने से और न ही औचक निरीक्षण कर रिकार्ड की जांच न करने से उपभोक्ता तमाम परेशानियों के बीच अनियमितताओं व शोषण के शिकार होते आये हैं. उन्होंने संबंधित विभाग से गैस एजेंसी पर चल रही अनियमितताओं की जांच करने औचक निरीक्षण की मांग की है. इस संबध में गैस एजेंसी संचालक सुरेन्द्र अग्रवाल का कहना है उक्त आरोप बेवुनियाद है, उपभोक्ता चाहे तो सिलेंडर का वजन करा सकते हैं।

**कार्यक्रम** — स्थापना दिवस पर जिला पंचायत में कार्यक्रम संपन्न

# जन अभियान परिषद ने मनाया स्वैच्छिकता पर्व




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैछिकता पर्व आयोजित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर भट्ट, मुख्य अतिथि अभिषेक खरे, विशिष्ट अतिथि मप्र. जन अभियान परिषद सशी निकाय सदस्य डॉ. जया श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सामाजिक कार्यकर्ता और चिंतक गायत्री परिवार रवि सक्सेना, जिला सह समन्वयक अशोक श्रीवास्तव एवं ब्लॉक समन्वयक अरिमर्दन सिंह, हार्टफु ल नेस से एमएल प्रजापति ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार ने मुख्यमंत्री तथा अध्यक्ष मप्र.जन अभियान परिषद डॉ. मोहन यादव तथा उपमुख्यमंत्री व उपाध्यक्ष जगदीश देवड़ा के संदेश का वाचन किया। साथ ही स्थापना दिवस के अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद जिला टीकमगढ़ और निवाड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं अन्य कार्यक्रमों और गतिविधियों के अंतर्गत किए गए कार्यो एवं उपलब्धियों को बताया। इसके बाद परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर का विडियों संदेश और परिषद के अनुकरणीय कार्यो पर आधारित लघु वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर लोगों में स्वैच्छिकता का भाव जागृत करने के लिए रवि सक्सेना ने कहा कि समाज को एक जुट होकर समाज का चौमुखी विकास करने में हर संभव सहयोग करना चाहिए। तभी समाज का चौमुखी विकास होगा।अभिषेक खरे ने कहा कि मप्र जन अभियान परिषद की आज स्थापना दिवस है। यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री जन अभियान परिषद के अध्यक्ष हैं उनके ही मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जन सहभागिता से तालाब नदी, कुओं और बावड़ियों की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष कौशल किशोर भट्ट ने कहा कि जन अभियान परिषद के प्रणेता स्व. अनिल माधव दवे ने जो नींव रखी है। वह वट वृक्ष की तरह स्वैच्छिक कार्यकर्ता ग्राम स्तर पर वंचित समुदाय को सरकारी योजनाओं का प्राथमिकता के साथ लाभ दिलवा रहे हैं। वह बहुत ही दूरदर्शी व्यक्ति थे। उनके साथ में कई बैठकों में मौजूद रहा हूं।

### विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक ललित शर्मा, राजकुमार जैन, राजकुमार पाठक, नवांकुर, प्रस्फुटन एवं सीएमसीएलडीपी छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे हैं। सभी को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गयी। साथ ही स्वैच्छिक संगठनों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजकार्य विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रदान किये।

## डिस्चार्ज होने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अब अस्पताल से मां की डिस्चार्ज होने से पहले ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। मप्र के मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय विभाग श्री ऋषि गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को दिये है।**

श्री गर्ग ने कहा है कि जन्म प्रमाण पत्र एक बेहद जरूरी दस्तावेज है। इसे आसानी से उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन के आर्थिक, सांख्यिकी विभाग ने दिशा निर्देश जारी किये है। इसके अनुसार अस्पताल में ही शिशु का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर मां को छुटटी से पहले दे दिया जाए। जारी पत्र में बताया कि शासकीय अस्पत्तालों में 50 प्रतिशत से अधिक प्रसव होते है, इसलिए इन अस्पतालों में पदेन रजिस्ट्रार को अधिकृत किया गया है ।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो घायल

**नवभारत न्यूज पलेरा। थाना बम्हौरीकलां क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव मबई में आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्ति चपेट में आ गए। ग्रामीणों के द्वारा घायलों को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा लाया गया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र में लगातार तेज बारिश होने के चलते बीते शनिवार के दिन शाम के वक्त सुंदरलाल लोधी उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम मबई छाता लगाकर पेड़ के नीचे बैठ गया। जबकि कुछ ही दूरी पर घनश्यामदास कुशवाहा तेज बारिश रुकने के इंतजार में पेड़ के नीचे खड़ा हुआ था। अचानक तेज गर्जना के साथ आकाश की बिजली गिरने से दोनों व्यक्ति घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा भेजा। डॉक्टर के द्वारा तत्काल इलाज करते हुए गंभीर घायल सुंदरलाल लोधी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है, जबकि घनश्यामदास कुशवाहा की हालत ठीक बताई जा रही है।

मध्यप्रदेश में अचानक मौसम बदलने के बाद टीकमगढ़ जिले में भी इसका खासा असर देखने को मिल रहा है। यहां तेज बारिश के साथ आए दिन बिजली गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रशासन ने सलाह दी है कि लोग पेड़ों के नीचे खड़े न हों।